Patra (Odisha), Dr. Amar Patnaik (Odisha) and Shri Sandosh Kumar P (Kerala).

**Concern over problem of Drug Addiction in India**

**श्री विक्रमजीत सिंह साहनी** (पंजाब): उपसभापति महोदय,

*"सुहानी एक कहानी खा गया*
*पंज दरिया की रवानी खा गया*
*एक ऐसा दानव आया मेरे गांव*
*जो मेरे सूबे की जवानी खा गया।"*

Sir, I stand in this august House to raise an issue which is very close to my heart. It is the menace of drugs. Drugs are eating my motherland Punjab and other parts of India like a termite. मैं आपका ध्यान दिलवाना चाहता हूं कि कुछ समय पहले एनआईए ने 3,000 केजी के ड्रग्स 21,000 करोड़ रुपये के मुंद्रा पोर्ट पर पकड़े। यह मैं nexus के बारे में बता रहा हूं। अभी BSF have written to the Narcotics Control Bureau about a recent drug bust at India-Pakistan Border with linkages to some prisoners in Amritsar and Tihar Jail. अब बीएसएफ ने 1 फरवरी की रात को तरनतारन डिस्ट्रिक्ट में चार लोगों को पकड़ा, जो पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स पंजाब में आ रहे थे, हेरोईन अफगानिस्तान से आ रही थी। उनको पता लगा कि पाकिस्तान के ड्रग्स सप्लायर्स तरनतारन डिस्ट्रिक्ट में यूथ को recruit करते हैं और फिर उनका nexus जेलों में चलता है। आपने पहले बहुत रिपोर्ट्स पढ़ी होंगी कि जो हमारे जेल हैं, सुधार घर हैं, वहां जितने भी माफिया हैं, उनके पास सैटेलाइट फोन्स भी हैं,दूसरे फोन्स भी हैं। ये जेलें हैं या banana republic? मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस पर सख्ती होनी चाहिए। क्योंकि रोज ही यह खबर आती है और मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि कितने गैंग जेलों से ऑपरेट कर रहे हैं। ड्रोन्स के लिए, I demand to stop such drones entering the Indian air space. The Government should immediately work on anti-drone technology alongside Indo-Pak border, so that our youth can be saved. अभी उत्तराखंड से मेरे colleague बता रहे थे-हम पांच de-addiction rehab centres पंजाब में चलाते हैं-ऐसा नहीं है कि उनके पास नौकरी नहीं है या वे गरीब हैं, वह तो हैं, लेकिन अमीर भी ले रहे हैं, स्कूलों के बच्चे भी ले रहे हैं, नाइट क्लब्स में ड्रग्स चल रहे हैं। मैं आदरणीय होम मिनिस्टर को बधाई देता हूं, appreciate करता हूं कि उन्होंने Anti-Narcotics Task Force बनाई है और उसकी नेशनल कॉन्फ्रेंस भी की है, लेकिन जेलों में शिकंजा कसना होगा। ऐसे ही पंजाब सरकार ने ड्रग्स की प्रॉबल्म को दूर करने के लिए पंजाब स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल भी बनाया है। इसलिए हमें सब तरफ से, मिल-जुलकर हमारी जवान पीढ़ी को बचाने के लिए anti-drone technology, supplier पर शिकंजा, क्रैक डाउन, availability पर कंट्रोल, ड्रग्स रीहेब सेंटर्स पर ध्यान देना होगा। जो शहरों में, स्कूलों में, नाइट क्लब्स में drugs का व्यापार चल रहा है, यह बहुत चिंता की

बात है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि अगले सेशन में इस पर शॉर्ट डिस्कशन इस सदन में होना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Hon. Members associated themselves with the Zero Hour matter raised by the Hon. Member, Shri Vikramjit Singh Sahney (Punjab): Shri Sant Balbir Singh (Punjab), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Vandana Chavan (Maharashtra), Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri Sujeet Kumar (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Amar Patnaik (Odisha) and Shri Jawhar Sircar (West Bengal).

**Demand to build a Railway Over-bridge in Jabalpur**

**श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक** (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। महोदय, मेरा मुद्दा संस्कारधानी जबलपुर जिले के दो हिस्सों को रेलवे ब्रिज से जोड़ने के संबंध में है। जबलपुर मध्य क्षेत्र विजयनगर के अंतर्गत जबलपुर विकास प्राधिकरण की स्कीम 41 जबलपुर का ही पश्चिम हिस्सा संजीवनी नगर वैसे तो मात्र कुछ ही मीटर पर है, लेकिन रेल पटरी होने के कारण यह सात किलोमीटर का लम्बा रास्ता हो जाता है। महोदय, दोनों हिस्से रिहायशी एवं व्यावसायिक हैं, इस दृष्टि से जबलपुर अत्यंत महत्वपूर्ण है। शहर की लगभग आबादी ज्यादा हिस्से में इस तरफ रहती है।

महोदय, रोज लाखों जबलपुरवासी एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने के लिए पांच से सात किलोमीटर के दायरे में चक्कर लगाते हैं, जिससे समय, संसाधन और पर्यावरण का नुकसान भी होता है। महोदय, जहां एक तरफ पश्चिमी हिस्से में सुप्रसिद्ध हमारा मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय राजमार्ग, नर्मदा का पावन तट, विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट आदि हैं, वहीं मध्य में बहुत बड़ी अनाज की मंडी और सब्जी मंडी है। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्कूल, कॉलेज और मार्केट इत्यादि हैं। इन दोनों हिस्सों को रेलवे ओवरब्रिज के माध्यम से जोड़ा जाए, तो सात किलोमीटर का जो रास्ता है, वह 700 मीटर में आ जाएगा। इससे आवागमन में सुविधा होगी, साथ ही व्यावसायिक विकास को गति मिलेगी एवं सामाजिक जन सुविधाओं का लाभ 10 लाख की आबादी को प्राप्त होगा।

मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगी कि कृपया इस विषय पर संज्ञान लेते हुए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करें, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Hon. Members associated themselves with the Zero Hour matter raised by the Hon. Member, Shrimati Sumitra Balmik: Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Amar Patnaik (Odisha) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).